निरीक्षण | श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन व व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण

# कलेक्टर-एसपी ने जागेश्वरनाथ धाम का लिया जायजा

**नवभारत,बांदकपुर/दमोह।** सावन माह के पड़ने वाले 4 सोमवार, अमावस्या और पूर्णिमा को जिले के प्रसिद्ध व आस्था के प्रमुख केंद्र देव श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सुरक्षा, सुगम आवागमन व व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बांदकपुर धाम का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व,श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक,केदारनाथ दुबे, कुंजीलाल डिम्हा, रामप्रताप, विजय दुबे, नरेंद्र पाठक,एसडीओपी प्रिया सिंधी, तहसीलदार पारूल चौधरी,प्रीतम सिंह,जल संसाधन विभाग अधिकारी रविदीप वैन, यातायात दलबीर सिंहमार्को, हिंडोरिया सीएमओ प्रभार संभाले राजेंद्र खरे, पीएचई विभाग से श्री साहू,जनपद सीईओ हलधर मिश्रा, विद्युत विभाग, पटवारी आशीष साहू, बांदकपुर सरपंच सचिव, सहित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर व आसपास सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं समय पर उपलब्ध रहें तथा विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं के सुरक्षित तथा सुगम दर्शन सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश व निकास मार्ग, पार्किंग स्थल बिंरूदा,धनश्याम गार्डन व श्री जागेश्वर स्कूल का जायजा लिया।

### आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

पेयजल,प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी हिण्डोरिया अंजलि अग्निहोत्री,चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा व उपस्थित पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

> पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने निर्देशित किया कि सावन सोमवार के दौरान मंदिर परिसर व आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। महिलाओं, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी सतर्कता व मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।सावन सोमवार के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, यातायात प्रबंधन व कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा व्यापक व प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

## हाई कोर्ट के निर्देश पर क्षतिग्रस्त टंडन बिल्डिंग को किया जमींदोज

नवभारत की खबर का असर

जबलपुर, गुरुवार, 23 जुलाई, 2026 11

नगरपालिका की उदासीनता से बढ़ा खतरा

जर्जर भवनों से हो सकती है बड़ी जनहानि

नवभारत,दमोह। नगरपालिका द्वारा शहर के जर्जर भवनों का सर्वे तो करवा लिया गया है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। बारिश के मौसम में कई जर्जर भवन जानलेवा साबित हो सकते हैं।

बरेठा के अंदर,सराफा बाजार, सराफा बाजार स्थित टंडन बिल्डिंग, देवकृपा इंटांरिया और अन्य दुकानों ऐसी ही जर्जर भवनों में शामिल हैं। ये सभी भवन शहर के मुख्य बाजार में स्थित हैं। नगरपालिका द्वारा इन्हें गिराने की कार्रवाई अब तक आधी-अधूरी है। ये भवन कभी भी गिर सकते हैं और बड़ी जनहानि हो सकती है।तमसे निवासक्त बात यह है कि इन जर्जर भवनों के नीचे हाल ठेला और सब्जी बेचने वाले रोजाना अपनी दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे हैं।नगरपालिका ने कुछ भवनों के आगे बैरिकेडिंग करवा दी है, जिससे राहत और थोड़ा संकरा हो गया है। तीन मंजिला और दो मंजिला इन भवनों की दीवारें क्षतिग्रस्त होकर गिर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते इन भवनों को नहीं गिराया गया तो बारिश में भीषण दुर्घटना हो सकती है।नगरपालिका से मांग की गई है कि जनहित को देखते हुए जर्जर भवनों को तत्काल गिराकर सुरक्षित स्थान खाली कराया जाए।

**नवभारत,दमोह।** लगभग 100 वर्षो से पुरानी मुख्य बाजार में स्थित टंडन बिल्डिंग की आयन्त जार्जर हालत को देखते हुए नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे खंडल घोषित कर दिया गया था और इसमें रहने वाले रहवासियों तथा दुकानदारो को नोटिस देकर खाली करवा लिया था। लेकिन माननीय उच्च न्यायालय में स्टे होने के कारण भवन गिराया नहीं जा सका। नवभारत ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। साथ ही आसपास के रहवासियों ने बरसात के इस समय जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कई बार कलेक्टर को अवगत कराया कि यह बिल्डिंग भवन कभी भी गिर सकता है और जानलेवा साबित हो सकती है मुख्य नगर पालिका ने अपनी सक्रियता में न्यायालय के माध्यम से अपने पक्ष रखें, जिसकी कई बार सुनवाई हुई तब माननीय उच्च न्यायालय ने 27 जुलाई 2026 मंगलवार को स्टे को समाप्त कर भवन को गिराये जाने को उचित बताया।

> अत: नगर पालिका ने विधिवत टेण्डर की कार्यवाही कर गांधी कंस्ट्रक्शन का टेण्डर स्वीकृत कर भवन को गिराये जाने का वर्कआर्डर दे दिया। आमजन में आसपास के रहवासियों में इस जानलेवा भवन को ध्वस्त करने से खुशी जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई गुरुवार को यह खबर नवभारत में प्रकाशित भी की गई थी और जहां हाईकोर्ट ने नवभारत खबर को भी संज्ञान लेते तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। जहां शुक्रवार को नगर पालिका अमला ने जेसीबी के माध्यम से क्षतिग्रस्त टंडन बिल्डिंग को गिराने की कार्रवाई शुरू की।

## लोकायुक्त में ट्रैप हुए राजस्व निरीक्षक को हुई सजा

**नवभारत,दमोह।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), दमोह द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अंतर्गत विचारित विशेष प्रकरण में आरोपी मनीराम गौंड, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक, को दोषसिद्ध पाते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रूपये के अर्थदण?ड से दण्डित किया गया।अभियोजन की ओर से पैरवी प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन धर्मे-?द्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संजय कुमार रावत द्वारा की गई व सहायक ग्रेड तीन विनय नामदेव द्वारा आवश?यक सहयोग किया गया।अभियोजन के अनुसार आरोपी, घटना के समय राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ लोक सेवक था। उसने फरियादी पंकज कुमार जैन से उसके राजस्व संबंधी शासकीयकार्य सीमांकन के निष्पादन के एवज में 5,000 की अवैध रिश्वत की मांग की थी, फरियादी पंकज कुमार जैन रिश्वत देना नहीं चाहता था, बल्कि आरोपी को रंगे हाथों पकडवाना चाहता था,जिस हेतु उसके द्वारा 15 मार्च 2022 को लोकायुक्त संगठन, सागर में शिकायत प्रस्तुत की गई,जिसमें आरोपी मनीराम गौंड शिकायत का सत्यापन किए जाने के उपरांत लोकायुक्त संगठन द्वारा विधि अनुसार ट्रैप कार्यवाही संपन्न की गई।

### भस्म धारण कर भगवान शिव देते हैं वैराग्य, समता और मृत्यु-सत्य का संदेश : पं.रवि शास्त्री

**नवभारत,दमोह.** नंदीवन मंदिर परिसर में श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित शिवलिंग निर्माण व महारुद्राभिषेक के द्वितीय दिवस में रुद्राष्टाध्याई के मंत्रों द्वारा वैदिक रीति से विधिवत रुद्राभिषेक कराया गया आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने भोलेनाथ भस्म धारण क्यों करते हैं यह बताते हुए कहा कि भगवान शिव का सम्पूर्ण स्वरूप ही संसार को गहन आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करता है उनके मस्तक पर चंद्रमा, जटाओं में गंगाजी, गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल और सम्पूर्ण शरीर पर धारण की गई भस्म कोई साधारण श्रृंगार नहीं, बल्कि सनातन धर्म के गूढ़ दर्शन का प्रतीक है.

## सावन माह में किया जा रहा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

▸ रुद्राभिषेक से होती है पुण्य की प्राप्ति : पं. गोविंद

**कुम्हारी नवभारत।** पवित्र सावन मास के अवसर पर भगवान शिव की आराधना हेतु पांच दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन सोनी परिवार के सौजन्य से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम पंडित गोविंद प्रसाद के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन प्रात:काल श्रद्धालु बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करते हैं। इसके उपरांत दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का विधिवत रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया जाता है।

शाम के समय गाजे-बाजे और भक्ति संगीत के साथ शोभायात्रा निकालकर पार्थिव शिवलिंगों का ग्राम के तालाब में विधिवत विसर्जन किया जाता है।

### श्रद्धालु प्राप्त कर रहे धर्म लाभ

पंडित गोविंद प्रसाद ने बताया कि श्रावण माह में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक एवं पूजन करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान शिव की विशेष कृपा भक्तों पर बनी रहती है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव की आराधना कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## नशा मुक्ति को लेकर बच्चों को दिलाई गई शपथ

**नवभारत,दमोह।** मंगलवार को बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भैया-बहनों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन दिया।इस दौरान चौकी प्रभारी ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई कि आज से हम नशा मुक्त जीवन व्यतीत करेंगे। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और समाज की संयुक्त भागीदारी से ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सकता है।

### एक नजर में

#### गैसाबाद के शीतला माता मंदिर में 5 दिवसीय अखंड रामधुन जारी, क्षेत्र में भक्तिमय माहौल

**नवभारत,हटा/दमोह।** हटा क्षेत्र के गैसाबाद स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में जगत जननी माता शीतला के सान्निध्य में 5 दिवसीय अखंड रामधुन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है।यह धार्मिक अनुष्ठान 30 जुलाई से प्रारंभ हुआ है और हरि इच्छा तक चलेगा। अखंड रामधुन में राम नाम का जप लगातार किया जा रहा है। मंदिर परिसर भक्तिमय नारों और भजनों से गूंज रहा है।आयोजन समस्त भक्तगण व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर माता शीतला के दर्शन कर रामधुन में सहभागिता कर रहे हैं।मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

#### नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**नवभारत, पथरिया।** योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के आशीर्वाद से आज पतंजलि परिवार के योग शिक्षकों द्वारा जनपद प्रांगण दुर्गा माता मंदिर पथरिया में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन आलोक स्थापक द्वारा एवं राजीव लोचन स्थापक, सुदेश चौरसिया, रमाशंकर पौराणिक, जितेंद्र दुबे, केशव पटेल, दीनदयाल पटेल द्वारा भारत माता की छवि पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन योग अभ्यास योग शिक्षक देवी प्रसाद पांडे एवं गंगाराम पटेल द्वारा करया गया। योग शिविर में आसपास के सभी योग प्रेमियों ने भाग लिया। शिविर 4 अगस्त तक चलेगा।

#### एसआई उत्तम व प्रआ लखन सेवानिवृत्त

**नवभारत,दमोह.** पुलिस कण्ट्रोल रूम दमोह में शुक्रवार को उपनिरीक्षक उत्तमचंद वंशपाल व प्रधान आरक्षक लखन पटेल के 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मान और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया,रक्षित निरीक्षक अभिनय साहू, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे।

## युवा योगेश सुमन को मिला हिन्दुस्तान यूथ आइकॉन अवॉर्ड 2026

**नवभारत,दमोह।** दमोह जिले के ग्राम इमलाई निवासी युवा समाजसेवी योगेश सुमन पिता बी एल सुमन को राष्ट्र निर्माण समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व प्रेरणादायी योगदान के सम्मानस्वरूप शिहन्दुस्तान यूथ आइकॉन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 28 जुलाई 2026 को हिन्दुस्तान यूथ ऐवरेस्ट फाउंडेशन (माई भारत) द्वारा माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के सेमिनार हॉल में आयोजित राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई रहीं।योगेश ने कोविड 19 महामारी जनजागरुकता, आपदा राहत, स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से समाज में जन भागीदारी को बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को पोषण व उपचार के प्रति सहयोग प्रदान, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता फैलाकर जरूरतमंद परिवारों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना साथ ही,अंगदान व सामाजिक सेवा अभियानों के माध्यम से समाज कल्याण में प्रेरणादायी योगदान दिया है। साथ ही जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया सभी योगेश की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### महिला सफाई कर्मियो ने भुगतान नहीं किये जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह।** जिला चिकित्सालय में कार्यरत सफाई कर्मियो को वेतन न मिलने के कारण समस्त महिला सफाई कर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय जाटव के नेतृत्व में कलेक्ट्रर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

## मडियादो में प्रशासन की बड़ी कार्यवाही, दो गल्ला दुकानें सील

▸ अवैध शराब और अहाता पकड़ा

**नवभारत,हटा/दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण सिंह यादव के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के नेतृत्व में हटा अनविभाग में ताबड़तोड़ कार्यवाहियां जारी है।अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम ने तहसीलदार उमेश तिवारी और राजस्व टीम के साथ मडियादो मे गल्ला दुकानों की जांच के दौरान दो दुकानों को सील किया गया। उक्त दुकान संचालक अधिकारियों को गल्ला खरीदी सम्बंधित लायसेंस या कोई दस्तावेज नही

दिखा पाए, बर्धा मार्ग पर एक गल्ला दुकान के यँहा लोडिंग हो रहे ट्रक के अनाज के सम्बंध में कई वेध दस्तावेज न मिलने पर ट्रक को मडियादो पुलिस अभिरक्षा में दिया गया।अनुविभागीय अधिकारी हटा ने अमले के साथ मडियादो मे ढाबा की भी जांच की जंहा नियमविरुद्ध अहाता सन्चालित पाया गया और ढाबा में अवैध रूप से देशी विदेशी शराब भी रखी पॉई गई। जिसपर अधिकारियों ने जांच करते हुए मडियादो थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए अधिकारियों के निर्देश पर मडियादो थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवैध शराब की जब्ती कार्रवाई की।कार्यवाही के दौरान पटवारी महेंद्र कुर्मी और स्टाफ मौजूद रहा।

## बमनी जंगल के पास डीजल से भरा टैंकर पलटा, डीजल लेने मची होड़

▸ टैंकर दमोह से कटनी की ओर जा रहा था

**कुम्हारी नवभारत 31 जुलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बमनी जंगल के पास गुरुवार को डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि टैंकर दमोह से कटनी की ओर जा रहा था।

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और कुछ लोगों द्वारा डीजल एकत्र करने

का प्रयास किया गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर पलटने के बाद आने-जाने वाले राहगीरों ने घटना के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया।

### पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया

सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने लोगों को टैंकर से दूर रहने की समझाइश दी तथा सुरक्षा व्यवस्था संभाली। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। राहत एवं सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्रवाई जारी है। चालक ने जानकारी देते हुए का स्टेयरिंग फेल हो जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और हादसा हो गया।

## 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। जो पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अति.पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर शुक्रवार को जटाशंकर पहाड़ी टीन सेड के नीचे दमोह से रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश यादव पिता सरजू यादव उम्र 36 साल निवासी धरमपुरा वार्ड 39 दमोह के कब्जे से 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 47000 रुपये का जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 699/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने दो अलग-अलग प्रकरण में किया ईनाम घोषित

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने दमोह जिले अंतर्गत 02 अलग-अलग प्रकरणों में फरार आरोपियों पर 05 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।पुलिस अधीक्षक श्री कलादगि ने थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 166/25 धारा 137(2),87,64 (2)(उ),351,3(5),बीएनएस 1/4 पाक्सो एक्ट इजाफा धारा 5(स)/6,5(र-2) पाक्सो एक्ट, 3(1) (ू) (प),3(2) (अ) एससी/एसटी एक्ट के तहत आरोपी नीलेश राय पिता सुशील राय निवासी ग्राम पौड़ी मानगढ़ थाना जबेरा जिला दमोह पर 01-01 हजार रूपये के मान से 03 हजार रूपये का इनाम तथा थाना हटा के अपराध क्रमांक 163/2023 धारा 294,323,324,506 भादवि 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(अं) एससी/एसटी एक्ट के तहत आरोपी पुरूषोत्तम पटेल पिता रामप्रसाद पटैल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बोरीकला थाना हटा जिला दमोह पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

विशेष अभियान | बिना हेलमेट,सीट बेल्ट और एचएसआरपी के कलेक्ट्रेट में नहीं मिलेगा प्रवेश

## कलेक्ट्रेट में मचा हड़कंप...कलेक्टर-एसपी के निर्देश पर शुरू अभियान

**नवभारत,दमोह।** यातायात नियमों के सख्त पालन को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में मंगलवार से दमोह कलेक्ट्रेट में प्रवेश को लेकर विशेष अभियान शुरू किया गया।अभियान के तहत कलेक्ट्रेट गेट पर ही दो पहिया और चार पहिया वाहनों को रोका जा रहा है। बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, हेलमेट और सीट बेल्ट के आने वाले वाहन चालकों को हिदायत देकर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि ष्यह यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी और आमजन को भी हेलमेट लगाकर ही आना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर प्रवेश नहीं मिलेगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई शासकीय अधिकारी- कर्मचारी हेलमेट, एचएसआरपी या सीट बेल्ट का पालन नहीं करता है तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई भी निश्चित रूप से की जाएगी।प्रभारी ने बताया कि यह अभियान आज से शुरू होकर निरंतर जारी रहेगा।इस दौरान यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के साथ एएसआई हरिश्चंद्र, आरक्षक कुलदीप, सिद्धांत सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### शासकीय कार्यालयों में हेलमेट पहनना अनिवार्य, पहले समझाइश फिर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने शासकीय कार्यालयों में दोपहिया वाहन से आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करने की पहल शुरू की है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया था।कलेक्टर श्री यादव ने कहा इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सहित शासकीय कार्यालयों में आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की पुलिस प्रशासन द्वारा हेलमेट जांच की गई।जिन अधिकारियों ने हेलमेट नहीं पहना था,उन्हें समझाइश देकर अगली बार अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर आने के निर्देश दिए गए।

### चेक बाउंस मामले में कोर्ट का फैसला, आरोपी को 3 माह कारावास और 1.30 लाख रुपए देने का आदेश

**नवभारत,दमोह।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दमोह की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।परिवादी के अधिवक्ता श्याम सुंदर विश्वकर्मा ने बताया कि परिवादी रूपेश जैन, निवासी दमोह ने अभियुक्त नमन श्रीवास्तव, निवासी स्टेशन चौराहा, दमोह को 1 लाख रुपए नगद उधार दिए थे।रुपए वापस मांगने पर अभियुक्त ने भुगतान के लिए 1 लाख रुपए का चेक दिया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता पूजा पटैल पति तुलसीराम पटैल उम्र 38 वर्ष सिविल वार्ड 2 तहसील दमोह, जिला दमोह शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि यह कि शपथ कर्ता की पासबुक पटना राजा बैंक की है। जिसका खाता क्रमांक 4079 96 11569 है तथा मेरी पासबुक प्रेमबाई पटैल नाम लिखा है जिसे तकनीकी सुधार कराकर पूजा पटैल करना चाहती हूं। मेरा इस नाम सुधार किया जा रहा है यह सत्य है मैं प्रेमबाई की जगह पूजा पटैल दर्ज कराना चाहती हूं इस वास्ते शपथ पत्र पेश है।

गलत नाम- प्रेमबाई
सही नाम-पूजा पटैल

### नाम सुधार सूचना

मैं शपथ करता अजीत चौधरी पिता श्री रामेश्वर असाटी पता विजयनगर सिविल वार्ड नंबर 9 तहसील दमोह जिला दमोह मध्य प्रदेश का निवासी हूं। यह कि मेरा पासपोर्ट क्रमांक G 438 7197 जिसकी वैधता समाप्त हो गई है इस रिनुअल करना चाहता हूं यह की मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम में अंग्रेजी में AJIT CHOUDHERY लिखा है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम AJEET CHOUDHARY लिखा है इसी प्रकार मेरी पत्नी के नाम में अंग्रेजी में VHANDNA CHOUDHERY लिखा है। जबकि उनके समस्त दस्तावेजों में उनका नाम BANDANA CHOUDHARY लिखा है अत: मैं अपने पासपोर्ट में मेरा नाम AJIT CHOUDHERY के स्थान पर AJEET CHOUDHARY व मेरी पत्नी का नाम VHANDNA CHOUDHERY के स्थान पर BANDANA CHOUDHARY लिखा पड़ा एवं समझा जाए जिस हेतु शपथ पत्र एवं समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं।

कौशलेन्द्र पांडे एडवोकेट
नोटरी दमोह